IFC suggestions for changes in SEBI

137. MISS SAROJ KHAPARDE : Will the Minister of FINANCE be pleased to state :

(a) whether the International Finance Corporation (IFC) has recommended some high-level changes in the functioning of the Securities and Exchange Board of India; and

(b) if so, what are the details thereof ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (DR. ABRAR AHMED) : (a) Yes Sir.

(b) A draft report of IFC, Washington recommended that SEBFs senior management be strengthened with the addition of atleast two new senior staff with direct market experience. The report has also recommended that in addition, staffing level and experienced should be appropriate to the workload.

बैंक जमा राशि को बढ़ा-चढ़ा कर दर्शाना

138. श्री राम बरेज यादव : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि दिल्ली स्थित स्टेट बैंक आफ इन्दौर की कुछ शाखाओं के प्रबंधकों ने अपने यहां जमा राशियों को बढ़ा-चढ़ा कर दर्शाया है;

(ख) यदि हां, तो 1 अप्रैल की स्थिति के अनुसार प्रत्येक शाखा में कुल कितनी राशि जमा थी;

(ग) क्या यह सच है कि 8 और 16 अप्रैल की स्थिति के अनुसार इन जमा-राशियों में अत्यधिक गिरावट आई है; और

(घ) यदि हां, तो आंकड़ों को बढ़ा-चढ़ा कर दर्शाने वाले उन अधिकारियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा. अबरार अहमद) : (क) से (घ) पहली अप्रैल, 1993 की स्थिति के अनुसार स्टेट बैंक आफ इन्दौर की दिल्ली में स्थित प्रत्येक शाखा की कुल जमाराशियां नीचे दी गई हैं :—

(लाख रुपए)

शाखा का नाम	जमाराशियां
चांदनी चौक	1229
राजोरी गार्डन	841
ग्रेटर कैलाश	632
जनकपुरी	741
कनाट सर्कस	1223
ग्रीन पार्क	931

8 और 16 अप्रैल, 1993 की स्थिति के अनुसार प्रत्येक शाखा की जमाराशियां नीचे दी गई हैं :—

(लाख रुपए)

शाखा का नाम	की स्थिति के अनुसार जमाराशियां	
	8-4-93	16-4-93
चांदनी चौक	1156	1317
राजोरी गार्डन	807	817
ग्रेटर कैलाश	624	680
जनकपुरी	590	671
कनाट सर्कस	1159	1076
ग्रीन पार्क	994	804

यह परिवर्तन कारबार के सामान्य उतार-चढ़ाव और सामान्य अवस्था में की गई निकासी के कारण हुआ है ।